राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 09.11.2022

आयोग द्वारा प्राध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2022 का आयोजन दिनांक 15.11.2022 से 17.11.2022 तक अजमेर, जयपुर व जोधपुर जिला मुख्यालयों पर निम्नानुसार किया जा रहा है:–

क्र. सं.	विषय	परीक्षा दिनांक	परीक्षा समय
1	सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन	15-11-2022	09:00 AM TO 10:30 AM
2	हिन्दी	15-11-2022	02:00 PM TO 05:00 PM
3	अंग्रेजी	16-11-2022	09:00 AM TO 12:00 PM
4	सामान्य व्याकरण	16-11-2022	02:00 PM TO 05:00 PM
5	साहित्य	17-11-2022	09:00 AM TO 12:00 PM
6	व्याकरण	17-11-2022	02:00 PM TO 05:00 PM

अभ्यर्थी उक्त परीक्षा हेतु आवंटित परीक्षा जिला की जानकारी SSO Portal पर लॉगिन कर प्राप्त कर लेवें। उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र परीक्षा दिनांक से 04 दिवस पूर्व आयोग की वेबसाईट एवं SSO Portal पर अपलोड किये जायेंगे। अभ्यर्थी प्रत्येक प्रश्न–पत्र हेतु अलग–अलग प्रवेश–पत्र लेकर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होवें।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Admit Card लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से डाउनलोड कर लेवें। साथ ही अभ्यर्थी https://sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment portal लिंक का चयन कर भी संबंधित परीक्षा का प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर पहचान हेतु प्राथमिकता से मूल आधार कार्ड लेकर उपस्थित होवें। आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति में अन्य मूल फोटो पहचान पत्र यथा मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि लेकर उपस्थित हो सकते है। मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन अवश्य कर लेवें।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना (COVID-19) के संबंध में जारी गाईडलाईन की पूर्णतः पालना करें एवं परीक्षा केन्द्र पर मास्क लगाकर उपस्थित होवें।

(हरजी लाल अटल)
सचिव